

पाक्षिक

# खबर आस पास

RJHIN/26/A2554

अपने लक्ष्य के लिए जोशीले और जुनूनी बनिए.. विश्वास रखिए, परिश्रम का फल सफलता हि है...!

संपादक : सत्यन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 अंक : डिजिटल बीकानेर : मंगलवार 05 मई 2026 पृष्ठ : 4 मूल्य : 1.00 रुपया


# प. बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत

## चुनाव नतीजे (आंकड़े पेज बनने तक)

**पश्चिम बंगाल**

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 4 | 202 | 206 (+129) |
| टीएमसी | 10 | 71 | 81 (−135) |
| कांग्रेस | 0 | 2 | 2 (+2) |
| लेफ्ट फ्रंट | 0 | 2 | 2 (+1) |
| अन्य | 0 | 2 | 2 (+2) |

**तमिलनाडु**

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| टीवीके | 2 | 105 | 107 (+107) |
| अन्नाद्रमुक+ | 1 | 50 | 51 (−24) |
| डीएमके+ | 2 | 63 | 65 (−94) |
| अन्य | 0 | 11 | 11 (+11) |

**केरलम**

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| यूडीएफ | 102 (+61) | 60.2% | 41 |
| एलडीएफ | 35 (−64) | 28.3% | 99 |
| एनडीए | 3 (+3) | 11.4% | 0 |
| अन्य | 0 (0) | 0.0% | NA |

**असम**

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| भाजपा+ | 102 (+27) | 47.9% | 75 |
| कांग्रेस+ | 21 (−29) | 42.0% | 50 |
| अन्य | 3 (+2) | 10.1% | 1 |

**पुडुचेरी**

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 18 (+2) | 35.2% | 16 |
| कांग्रेस+ | 6 (−2) | 31.4% | 8 |
| अन्य | 6 (0) | 33.4% | 6 |

## तमिलनाडु सीएम स्टालिन अपने ही बागी से हारे

**विजय के ड्राइवर का बेटा जीता, पार्टी 107 सीटों पर आगे; केरलम में सभी 140 सीटों के नतीजे घोषित**



**नई दिल्ली एजेन्सी।** केरलम में सभी 140 सीटों पर नतीजे घोषित हो गए हैं। यहां कांग्रेस ने 63 सीटों पर जीत दर्ज की है। असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी की कुल 529 विधानसभा सीटों के लिए वोटों की गिनती जारी है। सबसे बड़ा उलटफेर तमिलनाडु में हुआ है, जहां 2 साल पहले बनी विजय की पार्टी नंबर वन हो गई है। TVK ने 96 सीटों पर जीत दर्ज की है, 11 सीटों पर आगे चल रही है। तमिलनाडु के मौजूदा सीएम एमके स्टालिन कोलाथुर सीट हार गए हैं। उन्हें TVK के वीएस बाबू ने 8000 से ज्यादा वोटों से हराया है। बाबू पहले छ्रब्य में थे। फरवरी 2026 में ही उन्होंने विजय की पार्टी जॉइन की थी।

अब TVK को सरकार बनाने के लिए 118 सीटों का बहुमत चाहिए। इस बीच विजय के ड्राइवर के बेटे आर. सबरिनाथन ने विरुगम्बक्कम सीट से जीत दर्ज की है। इधर, असम में भी हिमंता सरकार की वापसी हो गई है। हिमंता लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगे। BJP ने यहां 81 सीटें जीत ली हैं। जो बहुमत के आंकड़े से 13 ज्यादा है।

**4 राज्यों में जीत-हार का आंकड़ा...**

**तमिलनाडु में DMK दूसरे नंबर पर:**

173 सीटों पर नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। TVK ने 82 और DMK+ ने 46 सीटों पर जीत दर्ज की है। AIADMK ने 38 सीटें जीत ली हैं।

### केरलम में 10 साल बाद कांग्रेस सत्ता में लौटी:

140 सीटों पर नतीजे घोषित हो चुके हैं। कांग्रेस ने 63 सीटों पर, CPI(M) ने 26 और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने 22 सीट पर जीत हासिल की है।

### असम में तीसरी बार हिमंता सरकार:

124 सीटों पर नतीजे जारी कर दिए गए हैं। BJP 81 सीटें, कांग्रेस 18, बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट 10 सीट, AGP 10 सीट और AIUDF 2 सीट पर जीती है।

पुडुचेरी में बीजेपी+ सरकार: 28 सीटों के नतीजे आ गए हैं। छ्रूरंगास्वामी की पार्टी 10 सीटें जीत चुकी है। DMK ने 5 सीट, BJP ने 4 और TVK ने 2 सीट जीती हैं।

## ममता भवानीपुर में 15 हजार वोटों से हारीं

**सुवेंदु ने लगातार दूसरी बार हराया; आरजीकर रेप विक्टिम की मां जीतीं**





**नई दिल्ली एजेन्सी।** बंगाल की 294 सीटों में से भाजपा ने 202 सीटें जीत ली हैं और 4 पर आगे है। टीएमसी ने 70 सीटें जीती हैं और 11 सीटों पर आगे चल रही है। कांग्रेस को सिर्फ दो सीट पर जीत मिली है। एक सीट फालता पर 21 मई को फिर वोटिंग होगी।

भवानीपुर से सुवेंदु ने ममता को 15,114 वोटों से हराया। सुवेंदु के खिलाफ यह उनकी लगातार दूसरी हार है। 2021 विधानसभा चुनाव में सुवेंदु नंदीग्राम से ममता के खिलाफ जीते थे।

ममता हार से पहले ही काउंटिंग सेंटर से निकल गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि, मुझे अंदर धक्का दिया और पीटा गया। यहां दोबारा काउंटिंग होनी चाहिए।

रेप विक्टिम की मां बोलीं- यह पानीहाटी नहीं पूरे बंगाल की जीत है

पानीहाटी सीट से जीतने के बाद आरजीकर रेप विक्टिम की मां रत्ना देबनाथ ने कहा- यह जीत पानीहाटी के लोगों की पूरे बंगाल की जीत है। मैं इस जीत को पीएम मोदी को समर्पित करती हूं। मैं लोगों को घोष परिवार के कुशासन से मुक्त कराने में सफल रही हूं। जिसके लिए मैं लोगों का धन्यवाद करती हूं। मैं यह अकेले नहीं कर सकती थी। यह जीत पानीहाटी के लोगों की वजह से हासिल हुई है।

**राहुल ने लिखा- चुनाव चोरी, संस्था चोरी अब और चारा ही क्या**

राहुल ने ङ्ग पर लिखा- असम और बंगाल में बीजेपी ने चुनाव आयोग की मदद से चुनाव चुराया है। हम ममता जी से सहमत हैं। बंगाल में 100 से ज्यादा सीटें चुराई गईं। हमने यह तरीका पहले भी देखा है- मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और लोकसभा 2024 में ऐसा ही हुआ है। चुनाव चोरी, संस्था चोरी अब और चारा ही क्या है।

**शाह बोले- भवानीपुर में अराजक शासक का यही अंत होता है**

गृह मंत्री अमित शाह ने ङ्ग पर लिखा- भवानीपुर के लोगों को मेरा सलाम। उनके जनादेश ने यह साफ कर दिया है कि एक अराजक शासक का क्या हश्र होने वाला है।

**सुवेंदु बोले- ममता की हार राजनीति से रिटायरमेंट जैसी है**

जीत के बाद सुवेंदु अधिकारी ने कहा- ममता बनर्जी को हराना बेहद जरूरी था। यह ममता बनर्जी की राजनीति से रिटायरमेंट है। मुसलमानों ने खुलकर उन्हें वोट दिया। वार्ड नंबर 77 में, जितने भी मुसलमान वोट डालने निकले उन्होंने ममता को वोट दिया। वहीं हिंदुओं, सिखों, जैनों और बौद्धों ने मुझे आशीर्वाद दिया और मुझे जिताया। यह जीत हिंदुत्व की जीत है।

**कांग्रेस नेता अधीर रंजन बोले- बंगाल में भगवा लहर है**

बहरामपुर से हारने के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा- बंगाल में भगवा लहर है। हम कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव लड़े थे। हमने पहले ही कहा था कि कांग्रेस को फिर से खड़ा करने और उसे बचाने के लिए मुर्शिदाबाद, मालदा, दिनाजपुर और पुरुलिया में हम कांग्रेस को बचाने की कोशिश करेंगे।

**ममता भवानीपुर काउंटिंग सेंटर से निकलीं, कहा- ये चुनाव नहीं, लूट**

ममता बनर्जी ने भवानीपुर के काउंटिंग सेंटर से निकल गईं। उन्होंने कहा, बीजेपी ने 100 से ज्यादा सीटें लूट लीं। चुनाव आयोग, बीजेपी का आयोग बन गया है। मैंने बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल से भी शिकायत की। लेकिन वे कुछ नहीं कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि यह जीत है? यह एक अनैतिक जीत है। चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के साथ मिलकर जो कुछ भी किया है वह पूरी तरह से गैर-कानूनी है। यह लूट है, लूट है, लूट है। हम वापसी करेंगे।




## बंगाल में हुआ खेला, 15 साल बाद दीदी का वर्चस्व समाप्त, तो तमिलनाडु में पर्दे के हीरो बने राजनीति के विजय किंग

**बीकानेर (समाचार केन्द्र)।** विधानसभा चुनाव नतीजे 2026: भाजपा को जिस पल का इंतजार था, वो घड़ी आ गई. बंगाल में भाजपा ने वो कर दिखाया है, जिसका उसने सालों से सपना देखा था. जी हां, पश्चिम बंगाल में भाजपा प्रचंड जीत हासिल करती दिख रही है. पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केर, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के नतीजे अब सबके सामने हैं. रुझानों की मानें तो पांच राज्यों में से तीन राज्यों बंगाल, असम और पुडुचेरी में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिल गया है. उधर, तमिलनाडु में थलापति विजय ने कमाल कर दिया है. एक्टर विजय की टीवीके ने शतक पूरा कर लिया है. टीवीके ने डीएमके और एआईडीएमके को पानी पिला दिया है. उधर केरल में कांग्रेस को खुशखबरी मिल रही है. केरल में एलडीएफ से यूडीएफ बहुत आगे है.




यहां ध्यान देने वाली बात है कि एग्जिट पोल ने भी बंगाल और असम में भाजपा की जीत की भविष्यवाणी की थी. फिलहाल, मतगणना जारी है. तो चलिए जानते हैं विधानसभा चुनाव रिजल्ट

**पर्दे पर 'मसीहा' बनकर तमिलनाडु के 'किंग' बने विजय**

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में थलपति विजय ने ऐतिहासिक जीत हासिल की है. उनकी जीत ने उन्हें पब्लिक का हीरो बना दिया है. यूजर्स विजय के धमाकेदार डेब्यू को एमजीआर से जोड़कर देख रहे हैं. तमिलनाडु की राजनीति में 4 मई 2026 को एक बड़े बदलाव का शंखनाद हुआ है. राज्य की 'धुरंधर' पार्टियों छ्रब्य-द्ब्रछ्रब्य को हराकर विजय ने सियासत में धमाकेदार डेब्यू किया है. उनकी पार्टी ञ्जङ्क्य (तमिलगा वेट्री कझगम) ने बहुमत हासिल कर अपने विरोधियों को जो करारी शिकस्त दी है, उसने तमिलनाडु की राजनीति के 50 साल पुराने ऐतिहासिक करिश्मे की याद दिला दी है. जिस तरह एमजी रामचंद्रन (MGR) ने आम लोगों की आवाज बनकर चुनावी मैदान में विरोधियों का सूपड़ा साफ किया और नेता बने, ठीक उसी ट्रैक पर चलते हुए थलपति विजय तमिलनाडु के सियासी मैदान के 'किंग' बने

# बंगाल जीत पर मोदी बोले-गंगोत्री से गंगासागर तक कमल खिला

## घुसपैठियों के खिलाफ एक्शन लेंगे, पहली कैबिनेट में आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी

**नई दिल्ली एजेन्सी।** पीएम मोदी ने सोमवार को दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर कहा- बंगाल की पहली कैबिनेट मीटिंग में ही आयुष्मान भारत को मंजूरी मिलेगी। घुसपैठ करने वालों पर एक्शन लिया जाएगा महिलाओं को सुरक्षा का महौल मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा।

पीएम ने 47 मिनट के भाषण में पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में सरकार बनने पर कहा- गंगोत्री से गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। सालों की साधना जब सिद्धि में बदलती है तो जो खुशी होती है वो खुशी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देख रहा हूं।



### 1. गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा

पिछले साल 14 नवंबर को मैंने यहीं से कहा था गंगा जी बिहार से आगे होते हुए गंगासागर तक जाती हैं। आज बंगाल की जीत के साथ गंगोत्री से लेकर गंगासागर तक कमल ही कमल खिला है। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और अब पश्चिम बंगाल। आज मां गंगा के पास बसे राज्यों में भाजपा-एनडीए सरकार है। 2013 में जब भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में काम दिया और काशी में जब फॉर्म भरने गया तो मेरे दिल से निकला कि न मुझे किसी ने भेजा है, ना मैं यहां आया हूं। मुझे तो मां गंगा बुलाया है

### 2. बंगाल को बदला नहीं, बदलाव चाहिए

बंगाल के भाग्य में आज से एक नया अध्याय जुड़ गया। आज बंगाल भय मुक्त हुआ है। पहली बार डर नहीं, लोकतंत्र जीता है। आज जब भाजपा जीती है तो बदला नहीं, बदलाव की बात होनी चाहिए। भय नहीं, भविष्य की बात होनी चाहिए। मेरी सभी दलों के कार्यकर्ताओं से अपील है कि आइए हिंसा के इस अंतहीन चक्र को हमेशा के लिए खत्म करें। किसने किसे वोट दिया, किसे नहीं दिया, उससे ऊपर उठकर काम करें।

### 3. मां कामाख्या का हम सब पर आशीर्वाद

आज मैं महसूस करता हूं कि मां गंगा का आशीर्वाद हम सब पर है। मां ब्रह्मपुत्र, मां कामख्या का भी हम सब पर आशीर्वाद रहा है। असम की जनता ने तीसरी बार एनडीए पर भरोसा किया है। यह असम के इतिहास की बहुत बड़ी घटना है। असम के टी गार्डन वाले क्षेत्रों में भी भाजपा को समर्थन मिला है। असम अब अपने विकास की रफ्तार और बढ़ाएगा।

### 4. पुडुचेरी के युवाओं के लिए काम जारी रहेगा

साल 2021 में हमने पुडुचेरी की जनता के सामने बेस्ट पुडुचेरी का विजन रखा। उन्होंने उस पर विश्वास जताया। पिछले 5 साल में इस विजन को पूरी निष्ठा के साथ गति देने का काम किया गया। मैं पुडुचेरी के युवाओं को, फिशरमैन साथियों को भी विश्वास दिलाता हूं कि एनडीए आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए काम करती रहेगी।

### 5. अंग, बंग और कलिंग समृद्ध भारत की पहचान

जब भारत समृद्ध था तो उसके तीन मजबूत स्तंभ थे अंग यानी आज का बिहार, बंग यानी आज का बंगाल और कलिंग यानी आज का ओडिशा। कलिंग उस समय हिंद महासागर के समुद्री व्यापार का सम्राट था। वहीं अंग सूत रेशम के साथ नालंदा और विक्रमशिला जैसे एजुकेशन सेंटर का हब था और बंग वो सांस्कृतिक धरती थी जहां से भारत की आत्म की आवाज उठती थी।

### मोदी बोले- जनता को विवाद नहीं विकास चाहिए

मोदी बोले- भारत की जनता ने इस राजनीति का जवाब दिया जनता ने बताया उसे विवाद नहीं विकास चाहिए, विभाजन नहीं साथ चाहिए। आजादी के बाद कांग्रेस ने देश के हर राज्य में सरकारें बनाईं। लेकिन जैसे जैसे आजादी के आंदोलन से देश आगे निकला वैसे कांग्रेस जनता का भरोसा खोती गई।

# बीकानेर :5 मई को श्रीडूंगरगढ़ आएंगे सीएम भजनलाल शर्मा, आड़सर में तैयारियां तेज!

**बीकानेर (खबर आस पास)।** बीकानेर जिले के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में 5 मई को भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। 'ग्रामीण रथ - समृद्ध किसान, खुशहाल राजस्थान' कार्यक्रम के तहत आड़सर गांव में संभावित आयोजन को देखते हुए विधायक ताराचंद सारस्वत ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान एडिशनल एसपी, एसडीएम, तहसीलदार, सीओ, सीआई और पीडब्ल्यूडी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने अधिकारियों को कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं समय पर और सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# नोखा में 3 लाख ठगी: उधार दिलाने के बहाने पैसे लूटे, गाड़ी लेकर फरार– मामला दर्ज

**नोखा (खबर आस पास)।** 'नोखा कस्बे में उधार दिलाने के बहाने 3 लाख रुपये की सनसनीखेज ठगी का मामला सामने आया। जोरावरपुरा निवासी लालचंद जाट ने तहसील परिसर में रासीसर के भूपाराम विश्नोई व साथियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते नोखा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। भूपाराम ने कुशालगिरी से लेन-देन का गवाह बनने का लालच देकर मां-बाप व करणी माता की कसम खाई, पैसे दिखाने के बाद नकदी गाड़ी में रखकर फरार हो गए। पीछा करने पर पारवा टोल पर गाड़ी से टक्कर मारने व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने धोखाधड़ी व धमकी के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



आडसर में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर विधायक ताराचंद सारस्वत ने आडसर में पहुंच व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन अब 31 मई तक

**बीकानेर (खबर आस पास)।** उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी की गई है। पात्र अभ्यर्थी अब 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पूर्व में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। आवेदन की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी के आदेश सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त निदेशक छात्रवृत्ति ने जारी किए हैं।

# 66वें केंद्रीय आवासीय खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जून में,खिलाड़ियों को मिलेगा उच्च स्तरीय प्रशिक्षण

## जयपुर, आबू पर्वत (सिरोही) एवं बांसवाड़ा में आयोजित किए जाएंगे खेल प्रशिक्षण शिविर

**बीकानेर श्रेयांस बैद, (खबर आस पास)।** राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा 66वें केंद्रीय आवासीय खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन आगामी जून माह में किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी सुरेन्द्र हर्ष ने बताया कि इन शिविरों का उद्देश्य प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करना है, जिससे उनके खेल कौशल में निखार आए और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर मिल सकें। खिलाड़ियों की आयु 30 जून 2026 को न्यूनतम 14 वर्ष एवं अधिकतम 17 वर्ष निर्धारित की गई है। जिला खेल अधिकारी हर्ष ने बताया कि ये प्रशिक्षण शिविर तीन प्रमुख केंद्रों–जयपुर, आबू पर्वत (सिरोही) एवं बांसवाड़ा–पर आयोजित किए जाएंगे। आबू पर्वत में हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, तीरंदाजी एवं बॉक्सिंग खेलों में बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जयपुर में फुटबॉल, क्रिकेट, जिम्नास्टिक, जूडो, हॉकी, कुश्ती, कबड्डी एवं साइक्लिंग में दोनों वर्गों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा, जबकि भारोत्तोलन एवं खो-खो केवल बालक वर्ग के लिए निर्धारित हैं। हर्ष ने बताया कि बांसवाड़ा में जनजातीय वर्ग के खिलाड़ियों हेतु विशेष आवासीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें वॉलीबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, कबड्डी, हॉकी, खो-खो, फुटबॉल एवं हैंडबॉल में बालक एवं बालिका वर्ग तथा बास्केटबॉल में केवल बालक वर्ग को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी आवेदन पत्र पूर्ण कर जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, डॉ. करणी सिंह स्टेडियम, बीकानेर में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ खेल प्रमाण पत्र एवं आयु प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट www.rssc.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र, बीकानेर से संपर्क किया जा सकता है।

# जिले के सभी आधार केन्द्रों का गहन निरीक्षण करने के निर्देश

## सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त निदेशक (UIDAI) एवं जिला प्रभारी ने विभाग के विभिन्न प्रोजेक्ट्स को लेकर की समीक्षा बैठक


**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग कार्यालय में सोमवार को संयुक्त निदेशक (यूआईडीएआई) एवं जिला प्रभारी राकेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विभाग के विभिन्न प्रोजेक्ट्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (VC) के माध्यम से जिले भर से अधीनस्थ ब्लॉक प्रोग्रामर एवं विभागीय स्टाफ ने भाग लिया।एनालिस्ट-कम-प्रोग्रामर (उप निदेशक) गौरव भाटिया ने बताया कि बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न आईटी एवं ई-गवर्नेंस सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

**जिले के सभी आधार केन्द्रों का करें गहन निरीक्षण**

बैठक में वर्मा ने निर्देश दिए कि जिले के सभी आधार केंद्रों का गहन निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में संचालित एमबीयू (MBU) कैंपों के माध्यम से वंचित विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक अपडेट किया जाए। साथ ही जिले में बाल आधार नामांकन को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। भाटिया ने बताया कि वर्मा ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं जैसे राजनेट, ई-मित्र, अभय कमांड कंट्रोल सेंटर, लाडली सुरक्षा योजना एवं आईडी फोन आदि की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# सीकर में खूनी हमला, सोते परिवार को बनाया निशाना, कुल्हाड़ी से काट डाला, पिता की मौत, तीन गंभीर

**सीकर (खबर आस पास)।** जिले के रामगढ़ शेखावाटी क्षेत्र के तिहावली गांव में देर रात हुए खूनी हमले ने रिश्तों को भी शर्मसार कर दिया और पूरे इलाके में दहशत फैला दी। पुरानी रंजिश और कथित भ्रष्टाचार की शिकायत से नाराज आरोपियों ने सो रहे एक ही परिवार पर धारदार हथियारों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस हमले में परिवार के मुखिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी मां, पत्नी और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में भारी तनाव और आक्रोश का माहौल है।
जानकारी के अनुसार, तिहावली निवासी प्रकाश सिंह (43) रविवार रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। आधी रात के करीब हमलावर घर में घुस आए और कुल्हाड़ी, गंडासी तथा लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस दौरान प्रकाश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी मां नैन कंवर, पत्नी और बेटा अभिजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया। अभिजीत की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जयपुर भेजा गया है।
रिश्तों में रंजिश बनी हत्या की वजह





मृतक प्रकाश सिंह और मुख्य आरोपी ओम सिंह चचेरे भाई थे। ओम सिंह की मां भंवर कंवर ग्राम पंचायत की सरपंच (प्रशासक) हैं और सारा कामकाज ओम सिंह ही देखता है। बताया जा रहा है कि प्रकाश सिंह ने ओम सिंह के खिलाफ विकास कार्यों में गड़बड़ी और सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण की शिकायत प्रशासन से की थी। इसके बाद से दोनों के बीच विवाद गहरा गया था। आरोप है कि पहले भी दिवाली के दौरान घर में जहरीला सांप छोड़ने और दिसंबर 2025 में बेटे पर हमला करवाने जैसी घटनाएं हो चुकी थीं, लेकिन पुलिस स्तर पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई।

### पुलिस पर लापरवाही के आरोप

घटना के बाद पुलिस की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित परिवार का कहना है कि हमले की सूचना तुरंत दी गई, लेकिन करीब तीन घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान आरोपी घर के बाहर खड़े होकर धमकाते रहे, जिससे ग्रामीण भय के कारण घरों से बाहर नहीं निकले। बाद में परिजनों ने दूर रहने वाले रिश्तेदारों को सूचना दी, जो मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### मामले की जांच जारी

सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। गांव में स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और जल्द गिरफ्तारी की मांग उठ रही है।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एसआई भर्ती पर लगा 'ताला', हनुमान बेनीवाल ने उठाए सिस्टम पर सवाल

(खबर आस पास)

**जयपुर।** राजस्थान की बहुचर्चित और विवादों में घिरी सब-इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती-2021 को लेकर लंबे समय से चल रहा कानूनी संघर्ष आखिरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। देश की सर्वोच्च अदालत ने इस भर्ती को रद्द रखने के निर्णय पर अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। कोर्ट ने चयनित अभ्यर्थियों की ओर से दायर स्पेशल लीव पिटीशन (एसआई) को खारिज करते हुए स्पष्ट संकेत दिया कि जिस भर्ती प्रक्रिया में बड़े स्तर पर गड़बड़ी हो चुकी हो, उसे सही ठहराया नहीं जा सकता।
सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सुनवाई के दौरान कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि जब पूरी चयन प्रक्रिया ही संदिग्ध हो, तब यह तय करना संभव नहीं रह जाता कि कौन अभ्यर्थी सही तरीके से चयनित हुआ और कौन गलत तरीके से। ऐसे में पूरी भर्ती को निरस्त करना ही न्यायसंगत विकल्प है। कोर्ट की इस टिप्पणी ने पूरे मामले की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया है। इस फैसले के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आने लगी हैं। नागौर सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख हनुमान बेनीवाल ने इसे मेहनतकश युवाओं की बड़ी जीत बताया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती को रद्द करने की मांग को लेकर उनकी पार्टी ने लगातार संघर्ष किया। सड़क से लेकर सदन तक युवाओं की आवाज उठाई गई और लोकसभा में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से रखा गया। जयपुर के शहीद स्मारक पर लंबे समय तक धरना और बड़ी रैली आयोजित कर इस मुद्दे को जनआंदोलन का रूप दिया गया।

# रामदेवरा से लौटते समय सड़क हादसा, कांस्टेबल और उनकी पांच वर्षीय बेटी की दर्दनाक मौत

**श्रीगंगानगर (खबर आस पास)।** श्रीगंगानगर में पुलिस महकमे को झकझोर देने वाली दर्दनाक घटना सामने आई है। एक सड़क हादसे में कांस्टेबल सहित दो लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस थाना सदर की राजकीय चिकित्सालय पुलिस चौकी में तैनात कांस्टेबल संदीप कुमार महला का सड़क हादसे में निधन हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब वह रामदेवरा से दर्शन कर अपने परिवार के साथ लौट रहे थे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कांस्टेबल महला के साथ उनकी पांच वर्षीय मासूम बेटी की भी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जोधपुर रेफर कर दिया। वहीं कांस्टेबल के दोस्त का फलोदी में इलाज किया जा रहा है।
श्रीगंगानगर में पुलिस महकमे को झकझोर देने वाली दर्दनाक घटना सामने आई है। एक सड़क हादसे में कांस्टेबल सहित दो लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस थाना सदर की राजकीय चिकित्सालय पुलिस चौकी में तैनात कांस्टेबल संदीप कुमार महला का सड़क हादसे में निधन हो गया। यह हादसा उस समय हुआ जब वह रामदेवरा से दर्शन कर अपने परिवार के साथ लौट रहे थे। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कांस्टेबल महला के साथ उनकी पांच वर्षीय मासूम बेटी की भी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी और एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जोधपुर रेफर कर दिया। वहीं कांस्टेबल के दोस्त का फलोदी में इलाज किया जा रहा है।
मूल रूप से झुंझुनूं जिले के निवासी संदीप कुमार महला अपने पीछे परिवार को गहरे सदमे में छोड़ गए हैं। उनके गांव में भी शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

# टीम भीलवाड़ा वाकई एक वाइब्रेंट टीम है, प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में जो कार्य किया वह प्रशंसनीय है: निखिल मोहन

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया उत्कर्ष शाखा प्रबंधकों का सम्मान, बिजनेस विद कंप्लायंस पर दिया जोर

(खबर आस पास)

**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा भीलवाड़ा क्षेत्र द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने एवं वित्तीय वर्ष 2025 26 के व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने वाली शाखाओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अंचल कार्यालय जोधपुर महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख निखिल मोहन का औपचारिक स्वागत डॉ. राजेश भाकर क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक भीलवाड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सम्मान समारोह में क्षेत्र की सभी शाखाओं को अलग-अलग श्रेणियों में श्रेष्ठ कार्य करने पर शाखा प्रबंधकों को अंचल प्रमुख निखिल मोहन द्वारा सम्मानित किया गया। बैंक शाखाओं ने अपनी उत्कृष्ट सेवाओं एवं डिजिटल तकनीक के माध्यम से शाखा के व्यवसाय विकास में निरंतर प्रगति



करते हुए वित्तीय वर्ष 2025 -26 के व्यावसायिक लक्ष्यों को हासिल किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख भीलवाड़ा ने शाखाओं की उपलब्धियों से सभी को अवगत करवाया एवं शाखा प्रबंधकों की प्रशंसा करते हुए सभी को आगामी वित्तीय वर्ष 2026 -27 में भी एक नई ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए लक्ष्यों को प्राप्त करने एवं नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में अंचल प्रमुख निखिल मोहन ने बैंक अधिकारियों को संबोधित करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि टीम भीलवाड़ा वाकई एक वाइब्रेंट टीम है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में भीलवाड़ा क्षेत्र ने जो कार्य किया वह प्रशंसनीय है। महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख ने अपने वक्तव्य में बताया कि हमें और इनोवेटिव आईडियाज के साथ बैंक के व्यवसाय को आगे ले जाने की आवश्यकता है। बेहतर ग्राहक सेवा के साथ व्यवसाय विकास, एनपीए मैनेजमेंट, प्रोफिटेबिलिटी -अर्थात् बैंक के लाभ के हिस्से में हम सभी बैंकर्स का योगदान होना चाहिए। इस दौरान अधिकारियों को अपनी कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया एवं बिजनेस विद कंप्लायंस पर जोर दिया। सम्मान समारोह का समापन उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक अमित टुकड़िया ने किया।

# श्रीगंगानगर में फिल्मी स्टाइल में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**श्रीगंगानगर, (समेजा कोठी थाना क्षेत्र):** जिले में पुलिस ने फिल्मी अंदाज में बड़ी कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों को दबोच लिया। पुलिस द्वारा की गई नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध वाहन को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन तस्करों ने नाकाबंदी तोड़कर तेज रफ्तार में भागने की कोशिश की। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन का पीछा किया और कुछ दूरी पर घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान दो युवकों को डिटेन किए जाने की सूचना है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से करीब 1.5 किलो हेरोइन, 5 से 7 पिस्टल और 67 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आरोपी पंजाब के रहने वाले बताए जा रहे हैं और किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने की फिराक में थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

# नालंदा की दो नाबालिग बहनों का अपहरण कर बीकानेर में सौदा, पुलिस ने किया रेस्क्यू

(खबर आस पास)

**बीकानेर/नालंदा:** मानव तस्करी के एक गंभीर मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नालंदा (बिहार) की दो नाबालिग चचेरी बहनों को राजस्थान के बीकानेर से सुरक्षित बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, दोनों बच्चियों का करीब 3 लाख रुपये में सौदा किया गया था।

**क्या है पूरा मामला**

9 अप्रैल को नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 14 वर्षीय बेटी और 13 वर्षीय भतीजी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम गठित कर तकनीकी जांच शुरू की।
जांच के दौरान लोकेशन राजस्थान के बीकानेर में मिलने पर पुलिस टीम ने 30 अप्रैल को नया शहर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर दोनों बच्चियों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया।
इस मामले में पुलिस ने कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान इस प्रकार है:
राजेश कुमार व्यास (चित्तौड़गढ़)
अंजलि कुमारी (पत्नी)
धनवंती देवी (राजगीर, ब्रह्मकुंड)
पुरुषोत्तम कुमार
पूछताछ में इनके पास से छत्तीसगढ़ की एक अन्य लड़की को भी बरामद किया गया है।
बताया जा रहा है कि दोनों बहनें अपने माता-पिता के पास पंजाब जाने के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान बिहार शरीफ रेलवे स्टेशन पर एक महिला तस्कर ने उन्हें अपने झांसे में लिया और माता-पिता से मिलाने का झूठा भरोसा दिया।
इसके बाद उन्हें पंजाब ले जाने के बजाय बीकानेर ले जाकर बेच दिया गया।
पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि तस्करी का उद्देश्य क्या था–
यौन शोषण
जबरन शादी
घरेलू काम के लिए इस्तेमाल
पुलिस की कार्रवाई
तीनों बच्चियों को बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ को सौंपा गया
आरोपियों से 4 स्मार्टफोन बरामद
गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी
बैंक खातों और आपराधिक रिकॉर्ड की जांच
सदर डीएसपी-2 संजय कुमार जायसवाल के अनुसार, यह एक संगठित गिरोह का मामला हो सकता है और जल्द ही और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन ने किया गायत्री मंदिर में हवन का आयोजन

## भीलवाड़ा शाखा की पहल, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दी हवन में आहुतियां, की वातावरण शुद्धि और विश्व कल्याण की कामना

(खबर आस पास)

**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन, भीलवाड़ा शाखा द्वारा स्थानीय गायत्री मंदिर में श्रद्धा और भक्ति के साथ गायत्री हवन का आयोजन किया गया। हवन के माध्यम से वातावरण की शुद्धि एवं विश्व शांति, सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की गई। इस धार्मिक कार्यक्रम में संगठन की सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन



में आहुति दी। शाखा संपादक सुमन असावा ने बताया कि यज्ञ प्रातः काल की मधुर वेला में किया गया। कार्यक्रम के दौरान भक्ति भाव का माहौल बना रहा और सभी उपस्थित महिलाओं ने सामूहिक रूप से प्रार्थना की। अध्यक्ष मधु लढा एवं सचिव अनुपमा मंत्री ने बताया की 'यज्ञ' हमारी भारतीय संस्कृति का आधारभूत स्तंभ है जो 'वैज्ञानिक और' 'आध्यात्मिक' दोनों रूपों में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यज्ञ पर्यावरण को ही शुद्ध नहीं करता है बल्कि मानसिक शांति भी देता है। यज्ञ के माध्यम से ईश्वर की आराधना और दिव्य ऊर्जा की प्राप्ति होती है। इसी परंपरा को प्रोत्साहित करने के लिए अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला संगठन भीलवाड़ा शाखा द्वारा गायत्री मंदिर में गायत्री हवन का आयोजन किया गया। हवन में तकनीकी प्रमुख उषा सोमानी का विशेष सहयोग रहा। महिला सशक्तिकरण प्रमुख जतन हिंगड़, नेत्रदान अंगदान प्रभारी रेखा नुवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेणु कोगटा, उपाध्यक्ष स्नेह लता पटवारी, संस्कार संस्कृति प्रमुख पुष्पा मुंदडा, कार्यकारिणी सदस्य यशोदा शर्मा, मनीषा सोमानी के साथ ही सभी सदस्यों ने अपने घर पर भी हवन करते रहने की शपथ ली, और आगे भी इसी तरह गायत्री यज्ञ करवाते रहने पर मंत्रणा की गई। इस अवसर पर संगठन की पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है, बल्कि समाज में सकारात्मकता भी बढ़ती है।

# प्रदेश में ग्राम रथ अभियान का प्रथम सप्ताह : गांव गांव पहुंच रही विकास की रौशनी और जागरूकता की लहर

## विधानसभा क्षेत्रों में रोजाना 5-6 स्थानों पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम

## ग्राम-2026: किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम

बीकानेर/जयपुर श्रेयांस बैद।04 मई। प्रदेश के किसानों को हर क्षेत्र में अग्रणी एवं उन्नत बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर सक्रिय प्रयास कर रही है। कृषि, निवेश, नवाचार और तकनीकी के माध्यम से किसान समृद्धि का नया अध्याय लिखने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा आगामी 23 से 25 मई तक ग्राम (ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट) 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस महा आयोजन में प्रदेशभर से कृषक और पशुपालकों को देश और दुनिया के एग्रीकल्चर सेक्टर के नीति-निर्माता, रिसर्च स्कॉलर, उद्यमी, जन प्रतिनिधि और विषय विशेषज्ञों की मौजूदगी में आधुनिक कृषि की नई संभावनाओं से रूबरू होने के अवसर सुलभ होगा।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा और पहल पर इसी सिलसिले में ग्राम-2026 में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की उपयोगी जानकारी किसानों और ग्रामीणों तक पहुंचाने और उनकी आधिकारिक भागीदारी के उद्देश्य से राज्य के 183 विधानसभा क्षेत्रों में गत 27 अप्रैल से 'ग्राम रथ अभियान' संचालित किया जा रहा है। इस 15 दिवसीय ग्राम रथ अभियान में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में रोजाना 5 से 6 स्थानों पर एलईडी मोबाइल वैन के माध्यम से योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी गांव-गांव तक किसानों एवं ग्रामीणों के अपूर्व उत्साह के बीच पहुंचाई जा रही है। ग्राम रथ अभियान केवल एक प्रचार कार्यक्रम नहीं बल्कि गांवों के समग्र विकास का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। यह अभियान राज्य सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसमें किसान, गांव और विकास- तीनों को केंद्र में रखकर एक सशक्त और आत्मनिर्भर राजस्थान के निर्माण की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

**ग्रामीणों में उत्साह, महिलाओं और युवाओं की बढ़ी भागीदारी**

ग्राम रथ अभियान को लेकर प्रथम सप्ताह में ही ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीण महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में इसमें भाग ले रहे हैं और संध्या चौपाल में भी बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। इस दौरान आयोजित कला जत्था कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गए हैं और इनके माध्यम से संदेशों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है। यह अभियान केवल जानकारी देने तक सीमित नहीं है बल्कि यह ग्रामीण समाज के साथ संवाद का एक सशक्त मंच बन गया है।

**13 विभागों की योजनाएं एक ही मंच पर**

ग्राम रथों के माध्यम से 13 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एक ही मंच पर उपलब्ध करवाई जा रही है। इनमें कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, सहकारिता, सिंचाई, उद्योग, ऊर्जा, राजस्व, पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास विभाग शामिल हैं। इन रथों पर संबंधित विभागों की प्रचार सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सभी योजनाओं की समग्र जानकारी मिल रही है।